## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. देवघर में बस और ट्रक के बीच सीधी टक्कर, चार कांवरियों की मौत, 20 से अधिक की हालत गंभीर।
2. सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को 14 अगस्त से पहले सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा के सभी विषयों का रिजल्ट जारी करने का दिया आदेश।
3. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की पूर्वी क्षेत्रीय समन्वय समिति की बैठक, सारंडा क्षेत्र में ओडिशा पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय।
4. राज्य में अगले 48 घंटे भारी बारिश की संभावना, आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को किया अलर्ट, एनडीआरएफ को भी सतर्क रहने के निर्देश।
5. दिल्ली, यूपी और राजस्थान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम की घोषणा।

*****************

देवघर–हंसडीहा सड़क मार्ग पर मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के निकट आज सुबह बस और ट्रक के बीच टक्कर में बस में सवार चार कांवरिया की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है और मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 26 हजार से अधिक सहायक आचार्यों की नियुक्ति का रिजल्ट 14 अगस्त तक जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि निर्देशित तिथि तक सभी श्रेणियों का रिजल्ट जारी नहीं किया गया तो 18 अगस्त को मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और जेएसससी सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। शीर्ष अदालत ने परिमल कुमार और अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

*****************

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आज 5 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी–केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

*****************

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले समागम में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस दौरान झारखंड में शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केन्द्र से आर्थिक सहायता की मांग करेंगे।

*****************

राज्य में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को जड़ से खत्म करने के लिए झारखंड पुलिस सारंडा क्षेत्र में ओडिशा पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाएगी। सारंडा के इलाके में वर्तमान में भाकपा माओवादियों के एक करोड़ के तीन इनामी कमांडर अपने दस्ते के साथ कैंप कर रहे हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक में ओडिशा के पुलिस अफसरों के साथ अभियान चलाने और इसे लेकर रणनीतियों पर चर्चा की। झारखंड और सीमावर्ती राज्यों के साथ बैठक में नक्सलवाद और संगठित अपराधों को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक मजबूत रणनीति पर चर्चा हुई।

****************

पुलिस हिरासत से फरार रामगढ़ के आफताब आलम की  संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में सियासत तेज हो गयी है। कांग्रेस ने आफताब आलम की मौत के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के एक सोशल मीडिया पोस्ट को जिम्मेवार ठहराया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज्य में नफरत का माहौल तैयार करने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार पुलिस की नाकामी का ठीकरा दूसरे पर फोड़ रही है।

****************

साहिबगंज जिले में पीएम श्री स्कूल प्रभावी तरीके से संचालित हो रहे हैं और ये अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं।

****************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले 48 घंटे तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जिलों के उपायुक्तों को सतर्क रहने और एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं।

****************

18 अगस्त से 17 अक्तूबर तक दिल्ली, यूपी और राजस्थान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप में झारखंड की टीम भी भाग लेगी। इसे लेकर राज्य की अंडर 14, 17 और 19 बालक वर्ग की टीम की घोषणा कर दी गयी है। बालिका वर्ग में खिलाड़ियों की कम उपस्थिति के कारण टीम का चयन नहीं किया जा सका।

****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में हुई चर्चा की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने राज्यपाल के हवाले से लिखा है– विश्वविद्यालय में एक व्यक्ति, एक पद का सख्ती से पालन हो।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड की जनतातीय संस्कृति का रंग इस बार पोर्ट ब्लेयर से दिल्ली तक दिखेगा।

हिन्दुस्तान लिखता है– चार सौ करोड़ के फर्जीवाड़े में सहारा का मैनेजर गिरफ्तार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– रांची में होटल ताज खुलने का रास्ता साफ, छह एकड़ जमीन की लीज मिली।

****************